
# कवि इन्द्र बहादुर खरे की रचनाओं का किया पाठ



जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज के हिंदी विभाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कवि इन्द्र बहादुर खरे की रचनाओं का संकलन उनके पुत्र डॉ. अमिय रंजन खरे ने विभाग में भेंट किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि कवि इन्द्र कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। इन्होंने अल्पआयु में अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य जगत में अपना स्थान बनाया। इस अवसर पर कवि इन्द्र बहादुर की कविताओं का विद्यार्थियों ने सस्वर पाठ किया।